भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा अनुसंधान तथा विकास विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 523
07 फरवरी, 2022 को उत्तर के लिए

रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला, तेजपुर

523. श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला (डीआरएल), तेजपुर द्वारा स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण और स्थानीय कृषि के क्षेत्र में अब तक बनाए गए/आविष्कार किए गए उत्पादों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या इनमें से कोई उत्पाद सशस्त्र बलों और स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लाभकारी पाया गया है, यदि हां, तो उन उत्पादों के नाम और कीमतें क्या-क्या हैं ;
(ग) रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला, तेजपुर की स्वीकृत और वर्तमान में धारित जनशक्ति का श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है ; और
(घ) वर्ष 2021 में रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला, तेजपुर में श्रेणी-वार कितने व्यक्तियों की भर्ती की गई और उन भर्तियों में से कितने व्यक्ति उत्तरपूर्वी राज्यों से हैं और रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला, तेजपुर को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क): रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला, तेजपुर पूर्वोत्तर में तैनात भारतीय सशस्त्र सेनाओं को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान कर रही है ।

डीआरएल, तेजपुर द्वारा विकसित कुछ महत्वपूर्ण उत्पाद निम्नलिखित हैं :

- आयरन रिमूवल यूनिट (आईआरयू)
- डी-अर्सेनिफिकेशन यूनिट
- डीआरडीओ जल परीक्षण किट
- डीआरडीओ बॉयो टायलेट

- उच्च एसपीएफ सनस्क्रीन क्रीम
- हर्बल रूम फ्रेशनर सह मच्छर प्रतिरोधक आदि
- हर्बल मच्छर प्रतिरोधक वेपोराइजर
- लार्विसिडल फ्लोटिंग टेबलेट

(ख): प्रयोगशाला में निष्पादित सभी कार्य सशस्त्र सेनाओं और स्थानीय लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए है । तथापि, कुछ बहुत लाभदायक उत्पाद उनके मूल्यों सहित निम्नलिखित हैं :

क्र.सं.	**उत्पाद**	**मूल्य/यूनिट (रुपए में)**
1.	आयरन रिमूवल यूनिट (300 एल/एचआर)	53,400/-
2.	जल परीक्षण किट	16,500/-
3.	समतल क्षेत्रों के लिए बॉयो टायलेट	20,000-80,000/-
4.	कम तापमान क्षेत्रों के लिए बॉयो टायलेट	75,000 से 3,50,000/-

(ग): डीआरएल, तेजपुर की ग्रेड-वार मौजूदा धारित जनशक्ति निम्नलिखित है :-

क्र.सं.	**कैडर**	**आरई**	**धारित संख्या**
1.	डीआरडीएस	22	21
2.	डीआरटीसी	34	21
3.	एडीएमआईएन	11	09
4.	संबद्ध कैडर	24	18
	कुल	**91**	**69**

(घ): डीआरडीओ केन्द्र सरकार का संस्थान है जो रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है । अतः डीआरडीओ में सभी ग्रेड्स के लिए कोई मंडल और क्षेत्र-वार भर्ती नहीं की जाती है । डीआरडीओ में भर्ती, भर्ती एवं मूल्यांकन केन्द्र (आरएसी) और कार्मिक प्रतिभा प्रबंधन (सीईपीटीएएम) के माध्यम से केन्द्रीय रूप से की जाती है । तथापि, रिसर्च एसोसिएट्स (आरए) और रिसर्च फेलो (आरएफ) की भर्ती प्रयोगशाला आवश्यकताओं के आधार पर विज्ञापन के माध्यम से की जाती है। वर्ष 2021 में 04 रिसर्च एसोसिएट्स (आरए) और 08 रिसर्च फेलो (आरएफ) की भर्ती की गई थी जिसमें से क्रमशः 01 आरए और 03 आरएफ पूर्वोत्तर राज्यों से हैं।

प्रयोगशाला को अधिक प्रभावशाली और सार्थक बनाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं :

- पूर्वोत्तर भारत में वेक्टर्स और वेक्टर जनित रोगों की निगरानी और मानीटरिंग और उनके प्रबंधन के लिए उत्पादों के विकास पर जोर दिया गया है ।

- डीआरएल, तेजपुर को पूर्वोत्तर राज्य में जंगल आपरेशन्स में तैनात सैन्य टुकड़ियों के लिए विशिष्ट उत्पादों और प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए अतिरिक्त अधिदेश सौंपा गया है ।
- आधुनिक कृषि पद्धतियों के उपयोग के माध्यम से पूर्वोत्तर क्षेत्र में सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए कार्यकलाप करने के लिए एनजीओ और स्थानीय सिविल निकायों को शामिल करने पर जोर दिया गया है ।
- डीआरएल उत्पादों एवं प्रौद्योगिकियों जो पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए उपयोगी हैं, के विकास हेतु स्थानीय उद्यमों और उद्योगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है ।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र में विभिन्न राज्य सरकारों के अंतर्गत पीएचई द्वारा बॉयो टायलेट प्रौद्योगिकी के व्यापक कार्यान्वयन हेतु कार्यकलापों की शुरूआत की गई है ।

***